THE MINISTER oF STATE IN THE DEPARTMENT OF RURAL DEVE LOPMENT IN THE MINISTRY OF AGRICULTURE (SHRI UPENDRA NATH VERMA) • (a) Loans under the IRDP are given by the Credit Insti tutions, Government of India and the State Government together provide subsidy under the programme. A Pro-posal to replace the present subsidy by an interest free loan was conside red. For various reasons, it lias been decided to continue the present prac tice.

(b) All possible efforts are made through the State Governments to prevent mis-utilisation of subsidy.

गेहू, चावल और चीनी के भण्डार की स्थिति

1161. **डा० रत्नाकर पाण्डेय : :** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश में घरेलू खपत के लिए गेहूं, चावल और चीनी का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है ?; और

(ख) यदि हां, तो गत 6–7 महीनों में बाजार में इनके मूल्यों में तेजी से वृद्धि होने के क्या कारण हैं ?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राम पूजन पटेल) : (क) जी, हां।

(ख) वर्ष के दौरान समर्थन मूल्यों में पर्याप्त वृद्धि करने और निर्गम मूल्यों में बढ़ोतरी करने के कारण 21–7–90 को समाप्त हुए पिछले छः महीनों के दौरान चावल और गेहूं के थोक मूल्यों के सूचकांक में केवल क्रमशः 8.2 प्रतिशत तथा 6.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। चीनी के सूचकांक में मामूली गिरावट (–0.1 प्रतिशत) आई है।

15–सूत्रीय कार्यक्रम के अधीन अल्पसंख्यकों का कल्याण

1162. **डा० अबरार अहमद खान :** क्या **कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अल्पसंख्यकों के कल्याण हेतु लागू किये जा रहे 15–सूत्रीय कार्यक्रम से अब तक अल्पसंख्यक लोगों का कितना कल्याण हुआ है तथा इससे कितने व्यक्ति लाभान्वित हुए है और वास्तव में यह कार्यक्रम किन-किन राज्यों में लागू किया गया था इस संबंध में प्राप्त उपलब्धियों का राज्यवार ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या सरकार ने 15 सूत्रीय कार्यक्रम को सक्रिय एवं प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए कदम उठाये हैं, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या उन अधिकारियों को दंडित किया गया है जिन्होंने इस कार्यक्रम की उपेक्षा की है और क्या इस प्रकार का दंड दिये जाने का कोई प्रावधान है; और

(ग) राजस्थान में उन स्थानों के नाम क्या-क्या हैं जहां इस कार्यक्रम के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन का आंकलन करने के लिए गत 8 महीनों के दौरान राज्य और जिला स्तर पर बैठकें आयोजित की गई ; उन बैठकों की तिथियां क्या-क्या हैं और उनके क्या निष्कर्ष निकले ; इस संबंध में सवाई माधोपुर जिले के बारे में ब्यौरा क्या है ?

श्रम एवं कल्याण मंत्री (श्री राम विलास पासवान): (क) उन लाभों का परिमाण न कठिन है, जो 15 सूत्री कार्यक्रम के कार्यान्वयन के फलस्वरूप प्राप्त हुए हैं। इससे अल्पसंख्यकों की समस्याओं के संबंध में निश्चित रूप से जागरूकता पैदा हुई तथा फिर ठोस कार्यक्रम बने हैं।

तथापि 1–1–89 से 31–3–90 तक की राज्यवार स्थिति दर्शाने वाला एक